(b) Questions relating to employment for the Fourth Plan are under examination in connection with the preparation of the Draft Outline.

**भारत-नेपाल सीमा पर तस्कर व्यापार**

1991. **श्री सिद्धेश्वर प्रसाद** : क्या वित्त मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उनका ध्यान 19/20 मई 1966 के "नवभारत टाइम्स" समाचार पत्र में प्रकाशित इस आशय के समाचार की ओर दिलाया गया है कि भारत-नेपाल सीमा पर स्थित रूपीडीह चौकी के रास्ते भारी मात्रा में रूसी, चीनी और पाकिस्तानी सामान चोरी छिपे भारत में लाया जा रहा है ;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ग) इस मामले में क्या कार्यवाही की जा रही है ?

**वित्त मंत्री (श्री शचीन्द्र चौधरी)** : (क) जी, हां ।

(ख) नेपाल विभिन्न देशों से निर्मित वस्तुएं आयात करता है और भारत-नेपाल सीमा पर कोई नियमित सीमा शुल्क घेरा न होने से इनमें से कुछ वस्तुएं भारत में चली आती हैं लेकिन जहां तक सरकार को मालूम है, वस्तुओं का इस प्रकार चोरी-छिपे रूप में लाना-ले जाना बहुत ही छोटे पैमाने पर होता रहा है ।

(ग) सीमा क्षेत्रों में तैनात सभी अफसरों को सावधान किया गया है । नेपाल सरकार का ध्यान भी इस मामले की ओर आकर्षित किया गया है ।

**Lengthening of Rajasthan Canal**

1992. **Shri Eswara Reddy**: Will the Minister of **Irrigation and Power** be pleased to state :

(a) whether the Barmer Zila Parishad has demanded lengthening of the Rajasthan Canal by another 100 miles; and

(b) if so, the decision taken thereon?

**The Minister of Irrigation and Power (Shri Fakharuddin Ahmed)**: (a) No.

(b) Does not arise.

**Committee on Technical Consultancy Service**

1993. **Shri R. Barua** :
**Shri R. S. Pandey** :

Will the Minister of **Planning and Social Welfare** be pleased to state :

(a) whether the constitution of the Committee on Technical Consultancy Service has been finalised and whether it has started functioning;

(b) the progress of the work of the Committee ; and

(c) when the Committe is likely to submit its report?

**The Minister for Planning and Social Welfare (Shri Asoka Mehta)** : (a) Yes, Sir.

(b) The Committee has held four meetings since it was set up in February, 1966.

(c) The Committee is expected to submit its report in September/October, 1966.

**चूहों के उत्पात पर नियंत्रण**

1994. **श्री हुकम चन्द कछवाय** :
**श्री रामेश्वरानन्द** :
**श्री रघुनाथ सिंह** :

क्या स्वास्थ्य एवं परिवार नियोजन मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि केन्द्रीय खाद्य शिल्प (फूड टैकनालाजिकल) अनुसन्धान संस्था के निदेशक ने सलाह दी है कि चूहों के उत्पाद पर नियन्त्रण करने के लिए एक पृथक मन्त्रालय स्थापित किया जाय ;